# आय बढ़ाने नए स्त्रोत विकसित करें : पवैया

## सभी निकाय एवं जनपद पंचायते वित्तीय पोषण मद का उपयोग सावधानी एवं गुणवत्ता से करें

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 6 जून . छठवें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने सभी नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों को स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ते हुए आय के नए स्त्रोत विकसित करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार से मिलने वाली वित्तीय सहायता का उपयोग पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता और सावधानी के साथ किया जाना चाहिए, ताकि विकास कार्यों का वास्तविक लाभ जनता तक पहुंचे.**




नर्मदापुरम में आयोजित राज्य वित्त आयोग की बैठक में पवैया ने कहा कि सभी निकाय संपत्ति कर और जलकर की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करें. साथ ही पार्किंग शुल्क, हाट-बाजार, मेलों, पर्यटन गतिविधियों और किराया पुनरीक्षण जैसे उपायों के माध्यम से राजस्व बढ़ाने पर विशेष ध्यान दें. उन्होंने जनपद पंचायतों को अपनी दुकानों के किराए की नई दरें तय करने और आय बढ़ाने के लिए नवाचार अपनाने की सलाह दी.

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि आर्थिक रूप से सक्षम पंचायतें सोलर एनर्जी और स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाओं का विस्तार करें. गांवों में नालों पर अतिक्रमण हटाने, पौधारोपण अभियान चलाने और योजनाबद्ध विकास कार्यों पर जोर दिया गया. पवैया ने कहा कि बिना उचित योजना के खर्च करने से पंचायतों और निकायों का विकास संभव नहीं है.

संभाग आयुक्त श्रीकांत बनोठ ने कहा कि सभी निकाय केंद्रीय वित्त आयोग की शर्तों के अनुरूप कार्य करें और लंबित ऑडिट जल्द पूरा कराएं. कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बताया कि पचमढ़ी सहित जिले के पर्यटन स्थलों को विकसित कर अतिरिक्त राजस्व सृजन के प्रयास किए जाएंगे.

बैठक में आयोग के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि केंद्रीय वित्त आयोग से मिलने वाली हजारों करोड़ रुपये की अनुदान राशि के लिए निकायों का ऑडिट, लेखा-जोखा और स्वयं के राजस्व स्त्रोत मजबूत होना आवश्यक है. आयोग ने सभी निकायों से आय बढ़ाने संबंधी सुझाव भी आमंत्रित किए.

# निजीकरण के विरोध में डाककर्मियों का लामबंद

▶ 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी



**इटारसी, 06 जून. भारतीय डाक विभाग के कर्मचारियों ने केंद्र सरकार की नीतियों, निजीकरण के प्रयासों और मनमाने लक्ष्यों के खिलाफ एक बड़े राष्ट्रव्यापी आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है. 'भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ' और उससे संबद्ध यूनियनों ने अपनी मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन और अंततः अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला किया है.**

संगठन का आरोप है कि विभाग में लगातार कर्मचारी विरोधी नीतियां लागू की जा रही हैं और मैकिन्से जैसी निजी कंसल्टेंसी कंपनियों के इशारों पर डाक विभाग के निजीकरण की पृष्ठभूमि तैयार की जा रही है, जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा. डाक कर्मचारियों ने इस आंदोलन के जरिए अपनी प्रमुख मांगें सरकार के सामने रखी हैं. कर्मचारियों की मांग है कि विभाग में लागू की जा रही सभी कर्मचारी विरोधी नीतियों पर तत्काल रोक लगाई जाए और डाक विभाग के निजीकरण के प्रयासों को बंद कर कॉर्पोरेट कंसल्टेंसी का हस्तक्षेप खत्म किया जाए. इसके साथ ही, कर्मचारियों पर बिना किसी व्यावहारिक आधार के थोपे जा रहे दमनकारी और जबरन लक्ष्यों को समाप्त करने तथा कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित गंभीर शिकायतों का तत्काल निवारण करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई है. महासचिव अनंत कुमार पाल द्वारा जारी कार्ययोजना के अनुसार, यह आंदोलन पूरी तरह चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ेगा. आंदोलन के पहले चरण में 20 जुलाई से 27 जुलाई तक देश भर के डाक कर्मचारी अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए काली पट्टी बांधकर काम करेंगे और विरोध दर्ज कराएंगे. इसके बाद 28 जुलाई को विरोध प्रदर्शन को तेज करते हुए दोपहर के भोजन के समय (लंच ऑवर) सभी डाक कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन और गेट मीटिंग्स आयोजित की जाएंगी.

प्रशासन इसके बाद भी नहीं चेता, तो आगामी 05 अगस्त को देशव्यापी एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की जाएगी,

## ▶ एक नजर में

### न्यायालय परिसर में हुआ पौधरोपण

**पिपरिया, 06 जून .** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर में पौधरोपण किया गया . जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार अग्रवाल , न्यायिक मजिस्ट्रेड अखिलेश चांडक ,न्यायिक मजिस्ट्रेड दिशा चांडक व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह नागवंशी , सहसचिव राजेश रजक , जगदीश नारायण ढ़िमोले, संगीता ढिमोले, मकरन सिंह अहिरवार, बृजेन्द्र बिल्थरिया, शासकीय अधिवक्ता बाबूलाल काकोडिया, सुनील चौधरी, राजेश रजक, रामगोपाल सोनवंशी, सुनील स्वामी, ओम अहिरवार, पवन संखेरिया, वाजिद खान संगीता अहिरवार, हरिशंकर ब्रह्मवंशी, दिनेश मौर्य, दिलीप पटेल, मनोज नागवंशी, कमल कोरी, जगदीश रघुवंशी एवं अन्य साथी अधिवक्ता गण न्यायालय कर्मचारी गण एवं लक्ष्मी नारायण बाथरे की उपस्थिति में पौधारोपण किया गया .

### पैसे के लेनदेन पर चली गोली

**पिपरिया, 06 जून .** हथवांस के पास पोडी ग्राम में पैसे के लेनदेन पर विवाद हुआ . मंगलवार टी आई गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि पौड़ी ग्राम में रानी पिपरिया नहर के पास खेत में विवाद होने की जानकारी मिली है . सोहागपुर पुलिस जांच कर रही थी जानकारी मिली है कि रोहित पुर्विया निवासी नकटुआ को हाथ पर राम गुर्जर पिता करोड़ी गुर्जर ने गोली मारी है रोहित शाह व राहुल शाह साथ मे थे . राम गुर्जर का कहना है रोहित पुर्विया ने खुद के हाथ पर गोली मारी है . अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है दोनों पक्षों से पूछताछ के बाद सही स्थिति सामने आयेंगी . अभी तक सोहागपुर पुलिस जांच कर रही थी .

### विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

**पिपरिया, 06 जून .** शासकीय कन्या महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया .इस अवसर पर महा विद्यालय की प्राचार्य द्वारा पर्यावरण में हो रहे बदलाव एवं उनके कारण होने वाले नुकसान को रोकने के उद्देश्य को लेकर एक शपथ दिलाई .इस दौरान पक्षियों को दाना एवं पानी की व्यवस्था कराई गई .मौक़े पर डॉ अनीता सांकलिया ने बताया कि बिना पेड़ के जीवन कठिन है उन्हें ज्यादा मात्रा में लगाना चाहिए .राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉक्टर सरोज साहू एवं समस्त स्टाफ सहित छात्राएं उपस्थित रही .

### बनवारी में पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली

**पिपरिया, 06 जून .** विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायत बनवारी मैं पर्यावरण दिवस मनाया गया .पर्यावरण दिवस पर ग्राम सभा के बाद ग्राम पंचायत बनवारी की माता बहनों द्वारा खेड़ापति मंदिर पर वृक्षारोपण किया गया .जिसमें ग्राम पंचायत की सरपंच रीना खूबचंद रघुवंशी, पंचायत सचिव ओम प्रकाश साहू, रोजगार सहायक बृजेश प्रजापति, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था हरिहर सेवा समिति के अध्यक्ष खूबचंद रघुवंशी, मेंटर देवेंद्र पटेल सहित ग्रामीण जन एवं माता बहनों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली .

### राजस्व प्रकरणो के निराकरण में आई तेजी

**पिपरिया, 06 जून .** तहसील कार्यालय के अंतर्गत कलेक्टर के निर्देश पर लगातार प्रकरणो के निराकरण में तेजी आई है . वही सीमांकन प्रकरण भी तेजी से निपट रहे है .कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर तहसीलदार वैभव बैरागी,अपर तहसीलदार मनोज नामदेव के न्यायालयो में राजस्व प्रकरणो को समय पर निपटाने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे है. नामातंरण,बंटवारा,सीमांकन सहित विभिन्न प्रकरण के निराकरण तेजी से होने के कारण क्षेत्र के नागरिको विशेषकर किसानो में राहत की स्थिति देखी जा रही है .एसडीएम आकिपखान के मार्गदर्शन में तहसीलदार वैभव बैरागी व अपर तहसीलदार की टीम आरआई पटवारी के साथ कई ग्रामो में भी उपस्थित देखी जा रही है जिसका परिणाम है कि सीमांकन को लेकर किसानो को राहत मिली है .व कई प्रकरण ग्राम में चर्चा के दौरान सुलझ जाने से ग्रामीण तहसील आने जाने की समस्या से भी बच रहे है .शासन द्वारा राजस्व मामलो में तत्काल प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से न्यायायिक एवं कार्यपालिक कार्यो को पृथक किया गया है जिसके अंतर्गत पूर्ण न्यायायिक तहसीलदार वैभव बैरागी,अपर तहसीलदार मनोज नामदेव को सौपी गई है जिससे सुनवाई की गति भी बढी है . इसके साथ ही प्रतिदिन सुबह से शाम 6 बजे तक प्रकरणो को निराकरण हेतु सुनवाई भी होते देखी जा रही है .

# वृक्षारोपण और जल बचाने का किया आह्वान

▶ पर्यावरण संगोष्ठी में जल संरक्षण का संदेश

**सोहागपुर, 06 जून. विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर विकास प्रस्फुटन समिति सोहागपुर के तत्वावधान में स्थानीय विश्राम गृह, सोहागपुर में पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में नवांकुर, मेंटर, नगर समिति के सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नगर के वरिष्ठ नागरिकों ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं वृक्षारोपण के महत्व पर विचार-विमर्श किया.**

संगोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने की. भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष अभिनव पालीवाल, समिति सचिव ऋषभ गढ़वाल, पार्षद रवि उईके, अंकुश जायसवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. कार्यक्रम में वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए जल स्त्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण पर बल दिया. साथ ही आमजन से पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया गया. संगोष्ठी में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 5 से 30 जून 2026 तक संचालित होने वाले तृतीय चरण की विस्तृत जानकारी भी दी गई. अभियान के तहत क्षेत्र के कुओं, बावड़ियों एवं अन्य पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं स्वच्छता के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

> इसके साथ ही प्रधानमंत्री के आह्वान पर संचालित एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संकल्प भी लिया गया .कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के संभागीय एवं जिला स्तर के प्रतिनिधि कौशलेश तिवारी एवं पवन सहगल विशेष रूप से उपस्थित रहे. उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों से जल एवं हरित संसाधनों के संरक्षण हेतु सक्रिय सहयोग करने का आग्रह किया . उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, जल स्त्रोतों के संवर्धन तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लेते हुए आगामी एक माह तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाने का संकल्प व्यक्त किया .

### सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में पर्यावरण संरक्षण अभियान

**पिपरिया , 06 जून.** पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु कार्यक्रमों का आयोजन किया पिपरिया - विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सतपुड़ा टाईगर रिजर्व में पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत रिजर्व के समस्त पर्यटन गेटों पर फॉरेस्ट स्टाफ, गाइड, ड्राइवर, ईको विकास समिति सदस्यों एवं रिज़ॉर्ट स्टाफ द्वारा सामूहिक श्रमदान कर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान पर्यटन परिसरों एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई कर स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया.

# विश्व पर्यावरण दिवस पर सिमारा में पौधारोपण

**पिपरिया, 06 जून.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सक्षम सतत विकास सेवा समिति द्वारा ग्राम पंचायत सिमारा में उत्साह, जनभागीदारी एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और आने वाली पीढियों के लिए हरित भविष्य सुनिश्चित करने का संदेश देना था।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामीणजनों ने पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली. वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाए. एक वृक्ष न केवल पर्यावरण को शुद्ध करता है, बल्कि जीवन, स्वास्थ्य और समृद्धि का आधार भी बनता है. उन्होंने पौधों को वृक्ष बनने तक उनकी नियमित देखरेख और सुरक्षा का संकल्प लिया. समाजसेवी आशीष शर्मा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सीताराम रघुवंशी, पंचायत सचिव प्रकाश पटेल, मेंटर्स बृजेश कुमार प्रजापति, देवेन्द्र पटेल एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे.



# रवि मालवीय ने जताई सेवा की प्रतिबद्धता

**नर्मदापुरम, 06 जून. स्थानीय मालवी अस्पताल के स्पंदन हॉल में कलचुरी समाज नर्मदापुरम द्वारा नवनियुक्त पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं वित्त विकास निगम के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रवि मालवीय के प्रथम नगर आगमन पर भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. श्रवण मालवीय ने की.**

स्वागत उद्बोधन में डॉ. श्रवण मालवीय ने रवि मालवीय की उपलब्धियों एवं उनके उत्कृष्ट कार्यों का उल्लेख करते हुए समाज की गतिविधियों, सुझावों एवं समस्याओं से अवगत कराया. उन्होंने कहा कि समाज को उनके नेतृत्व से नई दिशा और ऊर्जा मिलने की उम्मीद है. अपने संबोधन में रवि मालवीय ने समाजजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे सदैव समाजहित में कार्य करते रहेंगे.

उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है. साथ ही उन्होंने समाज के जरूरतमंद लोगों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने और उन्हें अधिकतम लाभ दिलाने का संकल्प व्यक्त किया. इस दौरान सामाजिक स्तर पर शीघ्र ही एक बड़े आयोजन के आयोजन को लेकर भी चर्चा की गई. कार्यक्रम में समाज के लोगों ने रवि मालवीय का सम्मान किया.

# इटारसी में दिखा जीरो शैडो डे का चमत्कार

▶ कुछ पलों के लिए परछाइयों ने छोड़ा साथ

**इटारसी, 06 जून. इटारसी में शनिवार को 'जीरो शैडो डे' का अद्भुत नजारा देखने को मिला, जब दोपहर 12:18 बजे कुछ क्षणों के लिए वस्तुओं की परछाई पूरी तरह गायब हो गई. बृहस्पति साइंस सेंटर के डायरेक्टर राजेश पाराशर के मार्गदर्शन में आयोजित इस विशेष वैज्ञानिक प्रयोग ने छात्रों और नागरिकों को खगोल विज्ञान की एक महत्वपूर्ण घटना को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर दिया.**



साईं फॉर्च्यून सिटी के मुख्य पार्क में इस प्रयोग के लिए तीन-तीन फीट लंबी 12 लोहे की रॉड को जमीन में बिल्कुल सीधा गाड़ा गया था. सुबह 11 बजे के बाद सूर्य की स्थिति बदलने के साथ इन रॉड्स की परछाई लगातार छोटी होती चली गई. दोपहर 12:18 बजे सूर्य स्थानीय क्षितिज पर लगभग 90 डिग्री के कोण पर पहुंचा और कुछ समय के लिए रॉड्स की परछाई पूरी तरह समाप्त हो गई. यह दृश्य देखकर वहां मौजूद लोग आश्चर्यचकित रह गए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश पाराशर ने कहा कि विज्ञान केवल पुस्तकों और परीक्षाओं तक सीमित नहीं है. पूरा ब्रह्मांड एक विशाल प्रयोगशाला है, जहां हर दिन अनेक वैज्ञानिक घटनाएं घटित होती हैं. उन्होंने बताया कि सूर्य जब उत्तरायण के दौरान कर्क रेखा की ओर बढ़ता है, तब विभिन्न अक्षांशों वाले क्षेत्रों में अलग-अलग तिथियों पर जीरो शैडो डे की स्थिति बनती है. प्रयोग का समन्वयन एम.एस. नरवरिया ने किया, जबकि बसंत श्रीवास्तव अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. हरीश चौधरी ने विद्यार्थियों को आंकड़े एकत्र करने और प्रयोग को समझने में मार्गदर्शन दिया. कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया. पाराशर ने बताया कि नर्मदापुरम संभाग के विभिन्न नगरों में यह घटना अलग-अलग तिथियों पर दिखाई देती है.

# आज निकलेगी संडे ऑन साइकिल रैली

▶ विश्व साइकिल दिवस पर जागरूकता अभियान

**हरदा, 06 जून. भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत 7 जून रविवार को विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर जिलेभर में 'संडे ऑन साइकिल' अभियान आयोजित किया जाएगा.**

अभियान का उद्देश्य स्वस्थ, फिट एवं सक्रिय भारत के निर्माण हेतु अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करना तथा एक ही दिन में बड़ी संख्या में साइकिल चालकों की सहभागिता दर्ज कराना है. अभियान के सफल आयोजन के लिए जिला, विकासखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है. जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि जिला खेल अधिकारी एवं पीजी महाविद्यालय हरदा के प्राचार्य को सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है. अभियान के अंतर्गत जिला स्तर पर नगर पालिका परिषद, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, यातायात पुलिस, सहित सभी विभागों को विभिन्न जिम्मेदारियां दी गई हैं. इनमें रैली के मार्ग की साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, पेयजल एवं स्वास्थ्य सुविधाएं, प्रचार-प्रसार तथा प्रतिभागियों का पंजीयन सुनिश्चित करना शामिल है. जिला स्तरीय साइकिल रैली घंटाघर से प्रारंभ होकर चांडक चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, परशुराम चौक, काली मंदिर, सनफ्लावर स्कूल मार्ग से होते हुए नेहरू स्टेडियम हरदा के गेट क्रमांक-4 पर समाप्त होगी.

### प्रकृति और पर्यावरण को बचाए

**पिपरिया, 06 जून.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत पिपरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत धनाश्री में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ.सरपंच हरभजन ठाकुर एवं सचिव छवीलेराम पटेल की मौजूदगी में ग्राम के वरिष्ठ सदस्य खुशी लाल पटेल एवं हेमंत पटेल ने पौधारोपण कर एक वृक्ष लगाया, इस मौके पर पटवारी सुरुचि शर्मा, एवं ग्राम के वरिष्ठ सदस्य रमेश पटेल आदि मौजूद रहे.जिसका मुख्य उद्देश्य प्रकृति और पर्यावरण पर प्रति लोगों को जागरूक करना है.एक पेड़ मां के नाम पर ग्राम पंचायत भवन में पेड़ लगाया गया.

**खेल** | पाकिस्तान को हराकर भारत फाइनल में पहुंचा

# अंडर-18 एशिया कप में भारत का दम

**इटारसी, 06 जून. जापान में आयोजित अंडर-18 एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को 5-3 से पराजित कर फाइनल में जगह बना ली है. भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और अंततः जीत अपने नाम कर ली.**



भारतीय टीम की इस सफलता में नर्मदापुरम जिले का भी महत्वपूर्ण योगदान है. जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ी गाजी खान और अंश बहुतरा पुरुष टीम का हिस्सा हैं, जबकि महिला वर्ग में महक परिहार भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रही हैं. जिले के खिलाड़ियों की राष्ट्रीय टीम में मौजूदगी ने स्थानीय खेल प्रेमियों के उत्साह को और बढ़ा दिया है. भारतीय टीम के फाइनल में पहुंचने की खबर मिलते ही शाम करीब 6 बजे हॉकी नर्मदापुरम के तत्वावधान में जिला हॉकी संघ के पदाधिकारी, खिलाड़ी और खेल प्रेमी इटारसी के ध्यानचंद चौक पर एकत्र हुए. यहां देशभक्ति के नारों के बीच जोरदार आतिशबाजी की गई और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर जीत का जश्न मनाया गया. जश्न में छोटे बच्चों से लेकर वरिष्ठ खिलाड़ियों तक सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. उपस्थित लोगों ने भारतीय टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए फाइनल मुकाबले के लिए शुभकामनाएं दीं. सभी को उम्मीद है कि भारतीय टीम मेजबान जापान को हराकर एशिया कप का खिताब अपने नाम करेगी. जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तोमर, सचिव साजिद मलिक, कोच कन्हैया गुरयानी, कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंह सैनी सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी और खेल प्रेमी मौजूद रहे. सभी ने भारतीय टीम की जीत पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत देश के युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा और मेहनत का परिणाम है.

### जबलपुर-अजमेर दयोदय ट्रेन इटारसी तक चलाने की मांग

**पिपरिया, 06 जून.** जबलपुर से अजमेर जाने वाली दयोदय एक्सप्रेस को पिपरिया इटारसी तक बढाने जबलपुर से चलकर अजमेर वाली दयोदय एक्सप्रेस प्रातः से शाम तक लगभग 11 घंटे जबलपुर स्टेशन पर खडी रहती है यदि इस ट्रेन को इटारसी तक बढाया जावे तो जबलपुर से गोटेगांव, नरसिंहपुर, करेली, गाडरवाडा, बनखेडी, पिपरिया, सोहागपुर क्षेत्र के नागरिको को कोटा, जयपुर,अजमेर जाने हेतु सीधी गाडी मिलने लगेगी.


## डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (मध्य प्रदेश)
### DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.)
(A Central University / केंद्रीय विश्वविद्यालय)
चतुर्थ चक्र में NAAC द्वारा "A+" ग्रेड मान्यता प्राप्त

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.) अकादमिक सत्र 2026-27 हेतु बीपीईएस (बैचलर ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स) प्रोग्राम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश **शारीरिक शिक्षा विभाग, डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (मध्य प्रदेश)** द्वारा आयोजित **विभागीय प्रवेश परीक्षा** के माध्यम से होगा।

(क) **मुख्य विशेषताएँ :**
- प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर एवं वाई-फाई सुविधा युक्त विश्वविद्यालय परिसर 1300 एकड़ ज़मीन पर फैला हुआ है।
- विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विद्वान एवं अनुभवी संकाय सदस्य, 04 लाख से अधिक पुस्तकें, ई-जर्नल्स, इनफ्लिबनेट, डेलनेट सुविधायुक्त उत्कृष्ट केन्द्रीय पुस्तकालय और प्लेसमेंट सेल उपलब्ध हैं।
- छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास।
- आउटडोर और इनडोर गेम्स की सुविधाएँ, सुसज्जित जिम, स्पोर्ट्स स्टेडियम, फिजियोथेरेपी सेंटर, हेल्थ सेंटर, पोस्ट ऑफिस, बैंक, एडवांस्ड रिसर्च सेंटर, कैफेटेरिया इत्यादि।

(ख) **विभागीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए उपलब्ध प्रोग्राम :**
- बैचलर ऑफ़ फ़िज़िकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (BPES) (6/8 सेमेस्टर डिग्री कोर्स)। प्रवेश प्रक्रिया, अर्हता, सीटों की संख्या, आरक्षण नीति, प्रवेश परीक्षा के नियम, शुल्क इत्यादि से संबंधित जानकारी के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर: www.dhsgsu.edu.in पर उपलब्ध **"बीपीईएस प्रवेश विवरणिका 2026-27" का अवलोकन करें।**

(ग) प्रवेश हेतु परीक्षा शारीरिक शिक्षा विभाग, डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (मध्य प्रदेश) द्वारा आयोजित की जायेगी।

**ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 30 जून, 2026** — **कुलसचिव**